संख्या-5/8/2015-सीएस

भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

****

5वां तल, 'ए' विंग,

शास्त्री भवन, नई दिल्ली,

तारीख : 03-02-, 2019

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
2. सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के मुख्य सचिव
3. अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड/ अध्यक्ष, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड
4. निदेशक, सीबीआई/निदेशक, आईबी/ निदेशक, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए)
5. सचिव, सीसीआई/रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण/रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण, नई दिल्ली
6. निदेशक, एसएफआईओ, नई दिल्ली
7. प्रवर्तन, निदेशालय।

विषयः भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई), नई दिल्ली में महानिदेशक का पद प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के संबंध में।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणधीन भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के नई दिल्ली मुख्यालय में महानिदेशक (डीजी) का पद भरे जाने का प्रस्ताव है। पद, वेतनमान और पात्रता संबंधी अपेक्षाओं के ब्यौरे अनुलग्नक-I में दिए गए हैं।

2. महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया जाने वाला व्यक्ति निष्ठावान और उत्कृष्ट क्षमता वाला व्यक्ति होगा जिसके पास जांच का अनुभव और लेखाविधि, प्रबंधन, व्यवसाय, लोक प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, विधि या अर्थशास्त्र का ज्ञान हो।

3. चयनित व्यक्ति को प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किया जाएगा। वेतन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 05.01.1994 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 2/29/91-स्था. (वेतन-II) समय-समय पर यथासंशोधित अनुसार विनियमित होगा। सामान्यतया प्रतिनियुक्ति की अवधि, केन्द्र/राज्य सरकार के समान या किसी अन्य संगठन/विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा इस संबंध उनके दिनांक 17/06/2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था. (वेतन-II) के माध्यम से जारी अनुदेशों के पैरा 8.1 में यथानिर्धारित 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 25.02.2018 के का.ज्ञा.सं. एबी-14017/11/2017-आरएसटीटी(आरआर) के अनुसार, प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को 58 वर्ष है।

4. महानिदेशक, सीसीआई के पद पर नियुक्त व्यक्ति के लिए निबंधन और शर्तें भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (अपर, संयुक्त, उप या सहायक महानिदेशक, अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या, उनकी नियुक्ति की रीति, अर्हता, वेतन, भत्ते और सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें) नियम, 2009, समय-समय पर यथासंशोधित, द्वारा विनियमित होंगे।

5. सीसीआई के लिए अलग कार्यालय और आवासीय परिसर का निर्माण होने तक महानिदेशक, सीसीआई सामान्य पूल आवास के लिए पात्र होगा/होगी। यदि उसे सामान्य पूल के अधीन आवास आवंटित किया गया हो, तो वह सरकारी आवास की सुविधा जारी रखने का पात्र होगा/होगी।

6. यह अनुरोध किया जाता है कि उन पात्र तथा इच्छुक अधिकारियों के आवेदन जिन्हें चयन के तत्काल पश्चात् कार्यमुक्त किया जा सकता है विधिवत् रूप से निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ अनुलग्नक-II में दिए गए विहित प्रोफार्मा में रिक्ति परिपत्र के जारी करने की तारीख अर्थात् 24 फरवरी, 2020 से 3 सप्ताह के भीतर श्री अभिजीत फुकोन, निदेशक, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, 'ए' विंग, पांचवा तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 को उपयुक्त माध्यम से अग्रेषित किए जाएं।

(i) अनुलग्नक-II के अंत में दिए गए विहित प्रोफार्मा में आवेदक अधिकारी के सेवा अभिलेखों से विवरणों का सत्यापन, सतर्कता अनुमोदन प्रमाण पत्र सहित;

(ii) पिछले पांच वर्षों की अद्यतन वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों की सत्यापित प्रतियां;

(iii) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र जो किसी उप-सचिव स्तर के अधिकारी से नीचे न हो, द्वारा विधिवत् रूप से हस्ताक्षरित हो;

(iv) इस आशय का प्रमाण-पत्र कि अधिकारी पर पिछले दस वर्षों के दौरान कोई बड़ी/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है और वह उप-सचिव स्तर के अधिकारी से नीचे न हो, द्वारा हस्ताक्षरित हो।

7. केवल उचित माध्यम से प्राप्त आवेदन पर ही विचार किया जाएगा। तथापि, आवेदन की एक अग्रिम प्रति उपर्युक्त पते पर भी भेजी जानी चाहिए। किसी भी रूप में अपूर्ण या जिन पर प्रतिहस्ताक्षर नहीं किया गया हो या जो ऊपर्युक्त पैरा 6 में उद्धृत दस्तावेज/सूचना के साथ न हों, पर विचार नहीं किया जाएगा। यह रिक्ति परिपत्र मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात् www.mca.gov.in के साथ-साथ भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की वेबसाइट अर्थात् www.cci.gov.in और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट http://persmin.gov.in पर भी उपलब्ध है।

भवदीय,

अभिजित फुकन

(अभिजीत फुकोन)
निदेशक
दूरभाष: 011-2338 4566

अनुलग्नक-I

## पद, वेतनमान और पात्रता अपेक्षाओं का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | महानिदेशक, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (डीजी, सीसीआई) |
| 2. | वेतनमान और पात्रता | पे बैंड 37,400-67,000 रूपये + ग्रेड पे 10,000 रूपये (7वें वेतन आयोग का लेवल 14) या वेतनमान 67,000 रूपये (वार्षिक वेतनवृद्धि 3% की दर से) - 79,000 रूपये या (7वें वेतन आयोग का लेवल 15) में।<br><br>**पे बैंड 37,400-67,000 रूपये + ग्रेड पे 10,000 रूपये (7वें वेतन आयोग का लेवल 14) के लिए**<br><br>(1) केन्द्र सरकार या राज्य सरकार का अधिकारी जो :<br><br>(क) केन्द्र सरकार या राज्य सरकार में नियमित आधार पर अनुरूप पदधारक हो; या<br><br>(ख) जिसने केन्द्र सरकार या राज्य सरकार में पे बैंड 37,400-67,000 रूपये + ग्रेड पे 8,900 रूपये (7वें वेतन आयोग का लेवल 13क) या समतुल्य पद पर दो वर्ष की नियमित सेवा की हो; या<br><br>(ग) जिसने केन्द्र सरकार/राज्य सरकार में पे बैंड 37,400-67,000 रूपये + ग्रेड पे 8,700 रूपये (7वें वेतन आयोग का लेवल 13) या समतुल्य पद पर तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो; या<br><br>**वेतनमान 67,000 रूपये (वार्षिक वेतनवृद्धि 3%) - 79,000 रूपये के लिए (7वें वेतन आयोग का लेवल 15)**<br><br>(1) केन्द्र सरकार या राज्य सरकार का अधिकारी जो :<br><br>(क) केन्द्र सरकार या राज्य सरकार में नियमित आधार पर अनुरूप पदधारक हो; या |

| | | |
|---|---|---|
| | | (ख) जिसने केन्द्र सरकार या राज्य सरकार में पे बैंड 37,400-67,000 रूपये + ग्रेड पे 10,000 रूपये (7वें वेतन आयोग का लेवल 14) या समतुल्य पद पर तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो।<br><br>नियुक्ति हेतु विचार किए जाने वाले व्यक्तियों की सत्यनिष्ठा, जांच के अनुभव के साथ उत्कृष्ट योग्यता हो तथा उसे लेखांकन, प्रबंधन, व्यवसाय, लोक प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, विधि एवं अर्थशास्त्र का ज्ञान हो। |

## महानिदेशक, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (डीजी,सीसीआई) के पद हेतु आवेदन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम और पदनाम (बड़े अक्षरों में) | |
| 2. | जन्म तिथि | |
| 3. | केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 4. | शैक्षणिक योग्यता | |
| 5. | विशेष अर्हता और अनुभव का विवरण, यदि कोई हो | |
| 6. | (क) वर्तमान धारित पद<br>(ख) कार्यालय/संगठन/संस्था का नाम<br>(ग) वर्तमान पद पर नियमित नियुक्ति की तिथि<br>(घ) यदि आवेदक किसी संगठित सेवा से है, तो अधिकारी का बैच दर्शाते हुए सेवा का नाम<br>(ड.) पद का वेतनमान और वेतन<br>(च) वर्तमान पद में वेतन, क्या तदर्थ या अस्थायी या अर्धस्थायी या स्थायी है<br>(छ) वर्तमान पद पर किए जाने वाले कार्य की प्रकृति<br>(ज) यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है तो कृपया बताएं -<br>(i) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि<br>(ii) प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर नियुक्ति की अवधि<br>(iii) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है। | |

7. विगत अनुभव (कालानुक्रम में) :

| कार्यालय/संगठन/ संस्था | धारित पद | कब से | कब तक | वेतनमान | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. टिप्पणियाँ :

स्थान : (हस्ताक्षर)

दिनांक : नाम____________________

संपर्क दूरभाष संख्या ______________